अर्धवार्षिक परीक्षा

विषय : तृतीय भाषा हिंदी   कक्षा : दसवीं   अंक : 80   समय : 3 घंटे

I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उनके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए: 8 × 1 = 8

1. निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द है -
   (A) रास्ता (B) रेवड़ी
   (C) चीज (D) आँखें
2. 'लेखक' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है -
   (A) लेखिका (B) शिक्षिका
   (C) सेविका (D) गायिक
3. 'मिलना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है -
   (A) मिल (B) मिलान
   (C) मिलाना (D) मिलवाना
4. 'वारि' शब्द का पर्यायवाची शब्द है-
   (A) जल (B) दूध
   (C) शरबत (D) घी
5. 'पौ फटना' मुहावरे का अर्थ है -
   (A) भाग जाना (B) मेहनत करना
   (C) इस्तेमाल होना (D) प्रभात होना
6. 'माता - पिता' शब्द में समास है -
   (A) कर्मधारय समास (B) अव्ययीभाव समास
   (C) द्वंद्व समास (D) द्विगु समास
7. इंटरनेट का मतलब क्या है
   वाक्य के लिए सही विराम चिन्ह होगा।
   (A) अल्पविराम (B) प्रश्न चिन्ह
   (C) अर्ध विराम (D) भावसूचक चिन्ह
8. 'बढ़ना' शब्द का विलोम रूप है -
   (A) घटना (B) घटाना
   (C) बड़ा (D) घट

II. निम्नलिखित प्रथम शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए: 4 × 1 = 4

9. एक हाथ में : न्याय पताका :: दूसरे हाथ में : ....
10. केला : पीला रंग :: सेब : ....
11. बिल्ली : म्याऊँ-म्याऊँ :: गिल्लू : ....
12. दया : धर्म का मूल :: पाप : ....

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए: 4 × 1 = 4

13. कवि किसे प्रणाम कर रहे हैं ?
14. स्वाद में सेब किससे बढ़कर नहीं है ?
15. गिल्लू गर्मी के दिनों में कहाँ लेट जाता था ?

16. परमाणु किसे देखकर काँपते हैं ?

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए: 8 × 2 = 16

17. "मातृभूमि" कविता में भारत माता को कैसे चित्रित किया गया है ?
18. आजकल शिक्षित समाज में किसके बारे में विचार किया जा रहा है ?
19. वर्मा जी को चौंकाने के लिए गिल्लू कहाँ-कहाँ छिप जाता था ?
20. 'प्रकृति पर सर्वत्र है विजयी पुरुष आसीन' इस पंक्ति का आशय समझाइए।
21. ई-गवर्नेंस क्या है ?
22. व्यापार और बैंकिंग में इंटरनेट से क्या मदद मिलती है ?
23. सौर-मंडल में सबसे बड़ा ग्रह कौन-सा है ? सौर-मंडल में शनि ग्रह का स्थान क्या है ?

अथवा

शनि का निर्माण किस प्रकार हुआ है ?

24. सत्य क्या होता है ? उसका रूप कैसे होता है ?

अथवा

शनि एक अत्यंत ठंडा ग्रह है। क्यों ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए: 9 × 3 = 27

25. गिल्लू के अंतिम दिनों का वर्णन कीजिए।
26. दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?
27. अब्दुल कलाम का बचपन बहुत ही निश्चिंतता और सादगी में बीतने के कारण लिखिए।
28. बसंत के स्वाभिमानी और ईमानदारी का परिचय दीजिए ।
29. जैनुलाबदीन नमाज के प्रासंगिकता के बारे में क्या कहते थे ?
30. सेब की हालत के बारे में लिखिए।
31. मनुष्य के जीवन में प्रकाश कब फैलता है ? और कैसे ?
32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए:

    मुखिया मुख सों चाहिए, खान पान को एक।
    पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक॥

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए:

    वह नोट भुनाने गया था, मगर जब भुनाकर लौट रहा था तो मोटर के नीचे आ गया। मोटर उसके ऊपर से निकल गई ! उसका सामान, पैसे, सब बिखर गए।

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छ: वाक्यों में लिखिए: 2 × 4 = 8

34. संचार व सूचना के क्षेत्र में इंटरनेट का क्या महत्व है ?

अथवा

"वीडियो कान्फरेन्स" के बारे में लिखिए।

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए:

    हरे-भरे हैं..............................
    ....
    ....
    .... व्यापक धन।

VII. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 4 × 1 = 4

36. प्राय: अधिकांश लोग दूसरों के जीवन का अनुसरण करते हैं, इसी में उनको सुख मिलता है। अपनी ताकत को न पहचानकर दूसरों के पीछे विरुद्देश चलना केवल अंधानुकरण है।

सड़क के किनारे पड़े सूखे पत्ते कमजोर और निर्जीव होने पर भी स्वयं को सबके समान गतिशील समझते हैं। दूसरों के बल पर जीने वाले, दूसरों की नीति की नकल करने वाले कभी प्रगति नहीं कर सकते। वास्तविक प्रगति के लिए मनुष्य को समय के साथ निज-बल से आगे बढ़ना चाहिए। निज-बल ही सर्वोपरि है, जो मनुष्य को जीवन की ऊँचाइयो तक पहुॅचाता है।

(क) दूसरों को प्राय: सुख कैसे मिलता है ?
(ख) अंधानुकरण से क्या तात्पर्य है ?
(ग) सड़क के किनारे पड़े पत्ते कैसे हैं ?
(घ) मनुष्य जीवन में ऊँचाइयों तक कैसे पहुँच सकता है ?

VIII. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए: 1 × 4 = 4

37. **(क) इंटरनेट का महत्व:**
 * प्रस्तावना
 * इंटरनेट का अर्थ
 * इंटरनेट के उपयोग
 * उपसंहार

 (ख) पर्यावरण की सुरक्षा:
 * पर्यावरण का अर्थ
 * पर्यावरण का महत्व
 * पर्यावरण की रक्षा
 * उपसंहार

 (ग) बेरोजगारी:
 * विषय प्रवेश
 * बेरोजगारी के कारण
 * उपाय
 * उपसंहार

IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए: 1 × 5 = 5

38. कोई कारण देते हुए दो दिन की छुट्टी माँगते हुए अपने प्रधानाध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए।

अथवा

शैक्षिक प्रवास के लिए ₹2000 माँगते हुए अपने पिताजी के नाम एक पत्र लिखिए।